# जिलाधिकारी महोदय, की अध्यक्षता में दिनांक 16.07.2026 को नवीन कलैक्ट्रेट सभागार, अलीगढ़ में ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन/जिला तकनीकी इकाई/सोर्स सस्टेनेबिलिटी समिति (डी0डब्ल्यू0एस0एम0/डी0टी0यू0/एस0एस0सी0) की सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत।

जिलाधिकारी महोदय, की अध्यक्षता में दिनांक 16.07.2026 को नवीन कलैक्ट्रेट सभागार, अलीगढ़ में ''जल जीवन मिशन'' योजनान्तर्गत सम्पन्न समीक्षा बैठक में निम्नलिखित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे:—

1. मुख्य विकास अधिकारी, अलीगढ़।
2. अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अलीगढ़।
3. जिला पंचायत राज अधिकारी, अलीगढ़।
4. श्री लोकेश शर्मा, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),अलीगढ़।
5. श्री हेमन्त कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),अलीगढ़।
6. श्री संदीप मिश्रा, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़।
7. श्री हर्षवर्धन, जूनियर इंजीनियर (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
8. श्री रजनीश कुमार (सी0बी0 एण्ड टी0), जिला परियोजना एवं अनुश्रवण इकाई, अलीगढ़।
9. अधिशासी अभियन्ता, सिचांई एवं जल संसाधन विभाग, अलीगढ़।
10. श्री अरविन्द कुमार सिंह, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), अलीगढ़।
11. श्री अजित कुमार, सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग, अलीगढ़।
12. उप परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0 (निर्माण), मै0 आरवी एसोसियेट, अलीगढ़।
13. टीम लीडर, टी0पी0आई0 (ओ0 एण्ड एम0), मै0 आरवी एसोसियेट, अलीगढ़।
14. श्री नरेश माहेश्वरी, परियोजना निदेशक, मैसर्स—आयन एक्सचेन्ज इण्डिया लि0, अलीगढ़।
15. श्री गौरव शर्मा, परियोजना प्रबन्धक, मै0 पी0एन0सी0।
16. श्री ज्ञान सिंह, परियोजना प्रबन्धक, मै0 कल्पतरू (जे0एम0सी0)।
17. केमिस्ट, जनपदीय जल परीक्षण प्रयोगशाला, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़।
18. श्री दिनेश कुमार, निदेशक, उड़ान सोसाइटी (आई0एस0ए0), अलीगढ़।
19. श्री ओमवीर, ओम गौरा सेवा संस्थान (आई0एस0ए0), अलीगढ़।

जिलाधिकारी महोदय, की अध्यक्षता में ''जल जीवन मिशन'' के अन्तर्गत जनपद—अलीगढ़ में सूचीबद्ध फर्मो क्रमशः 1—मैसर्स—आयन एक्सचेन्ज इण्डिया लि०, अलीगढ़, 2—मैसर्स कल्पतरू (जे०एम०सी०), अलीगढ़ एवं 3—मैसर्स पी०एन०सी० इन्फ्राटेक लि०, अलीगढ़ द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की गयी जिसमें निम्नानुसार निर्देशित किया गया:—

1. **<u>मै० ऑयन एक्सचेन्ज इण्डिया लि०</u>**:— जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फर्म की प्रगति रिपोर्ट प्रदर्शित की गई, अवगत कराया गया है कि फर्म द्वारा (फेज—2) जनपद में 'जल जीवन मिशन' कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 155 नग योजनाओं पर कार्य कराया जा रहा है, परन्तु फर्म की प्रगति शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार नहीं है और अत्यन्त धीमी है। अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म के पास मैन पावर एवं पर्याप्त कोष की कमी होने के कारण 155 नग शिरोपरि जलाशयों के सापेक्ष वर्तमान तक फर्म द्वारा मात्र 154 नग शिरोपरि जलाशयों पर कार्य प्रारम्भ किया जा सका है, जिसमें से 58 स्थानों पर शिरोपरि जलाशयों का कार्य पूर्ण है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियन्ता को उन योजनाओं को चिन्हित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है जिन पर भौतिक प्रगति 76—99 प्रतिशत है, उनपर यथाशीघ्र कार्य पूर्ण करायें एवं आगामी 1 माह में कम से कम 10 नग शिरोपरि जलाशय पर निर्माण कार्य पूर्ण कर एवं संचालित करके योजनाओं को ओ0एण्डएम0 में ले जाने हेतु फर्म को आदेशित किया गया। साथ ही फर्म के प्रतिनिधि को यह भी निर्देशित किया गया कि अगले माह के अन्त तक 'हर घर जल' प्रमाणित ग्रामों की संख्या 12 से 22 किया जाना सुनिश्चित करे एवं जिन ग्रामों में निरन्तर पेयजलापूर्ति की जा रही है उसकी संख्या एक माह के अन्दर 112 से 120 कराया जाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त 77075 गृह जल संयोजनों के सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक मात्र 75616 गृह जल संयोजन प्रदान किये गये हैं। साथ ही उप परियोजना प्रबन्धक टी०पी०आई० द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा वर्तमान तक कुल 208 राजस्व ग्रामों में से 165 राजस्व ग्रामों पर पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी ट्रैंच की पुर्नस्थापन का कार्य करा लिया गया है।

AE/DC 20/07/2026

2. **मै० कल्पतरू जे०एम०सी०**:— जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फर्म की प्रगति रिपोर्ट प्रदर्शित की गई, अवगत कराया गया है कि फर्म द्वारा (फेज–3) जनपद में 'जल जीवन मिशन' कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 151 नग योजनाओं पर कार्य कराया जा रहा है, परन्तु फर्म की प्रगति शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार नहीं है और धीमी है। फर्म के पास मैन पावर की कमी होने के कारण 156 नग शिरोपरि जलाशयों के सापेक्ष वर्तमान तक फर्म द्वारा समस्त 156 नग शिरोपरि जलाशयों पर कार्य प्रारम्भ किया जा सका है, जिसमें से 131 स्थानों पर शिरोपरि जलाशयों का कार्य पूर्ण है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए अधोहस्ताक्षरी को उन योजनाओं को चिन्हित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है जिन पर भौतिक प्रगति 76–99 प्रतिशत है उन योजनाओं में कम से कम 12 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण कराने एवं दिनांक आगामी 01 माह में कम से कम 12 योजनाओं को ओ0एण्ड0एम0 में ले जाने हेतु आदेशित किया गया है। मै0 कल्पतरू के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि 207 लक्षित राजस्व ग्रामों के सापेक्ष उनके द्वारा 138 राजस्व ग्रामों में निरन्तर पेयजलापूर्ति की जा रही है इस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा अन्य 12 राजस्व ग्रामों जिन पर पाइप लाइन एवं एफ०एच०टी०सी० का कार्य पूर्ण कर लिया गया है उन सभी राजस्व ग्रामों में 1 माह के भीतर निरन्तर पेयजलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त 63794 गृह जल संयोजनों के सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक 62144 गृह जल संयोजन किये गये हैं। साथ ही उप परियोजना प्रबन्धक टी०पी०आई० द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा वर्तमान तक कुल 207 राजस्व ग्रामों में से 192 राजस्व ग्रामों पर पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी ट्रैंच की पुर्नस्थापन का कार्य करा लिया गया है। साथ ही अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा वर्तमान तक 34 राजस्व ग्रामों में निर्माण कार्य पूर्ण कर उनको 'हर घर जल' घोषित कर सर्टिफाइड करा लिया गया है। फर्म के परियोजना प्रबन्धक को एक माह में अन्य 12 ग्रामों का 'हर घर जल' प्रमाणिकरण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

3. **मै० पी०एन०सी० लि०**:— जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फर्म की प्रगति रिपोर्ट प्रदर्शित की गई, अवगत कराया गया है कि फर्म द्वारा (फेज–3) जनपद में 'जल जीवन मिशन' कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 418 नग योजनाओं पर कार्य कराया जा रहा है, परन्तु फर्म की प्रगति शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार नहीं है और कम है। फर्म के पास मैन पावर की कमी होने के कारण 418 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष वर्तमान तक फर्म द्वारा मात्र 417 नग शिरोपरि जलाशयों पर कार्य प्रारम्भ किया जा सका है, जिसमें से 126 स्थानों पर शिरोपरि जलाशयों का कार्य पूर्ण है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए फर्म के परियोजना प्रबन्धक को आगामी 1 माह में कम से कम 14 योजनाओं पर शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण कराकर योजनाओं को ओ0एण्ड0एम में ले जाने हेतु निर्देशित किया गया है। मै० पी०एन०सी० लि० के परियोजना प्रबन्धक द्वारा आश्वस्त किया गया कि आगामी 01 माह में 14 योजनाओं पर शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण कर संचालन एवं रख–रखाव में करा लिया जायेगा। इसके अतिरिक्त ऐजेन्सी के प्रतिनिधि द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उनके द्वारा लक्षित 655 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 471 राजस्व ग्रामों में पेयजलापूर्ति की जा रही है इस पर जिलाधकारी महोदय, द्वारा अन्य योजनाओं जिन पर पाइप लाइन एवं एफ०एच०टी०सी० का कार्य पूर्ण कर लिया गया है उन उन 14 राजस्व ग्रामों को चिन्हित कर उनपर निरन्तर पेयजलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त 252963 गृह जल संयोजनों के सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक मात्र 248318 गृह जल संयोजन किये गये हैं। साथ ही उप परियोजना प्रबन्धक टी०पी०आई० द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा वर्तमान तक कुल 655 राजस्व ग्रामों में से 557 राजस्व ग्रामों पर पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी ट्रैंच की पुर्नस्थापन का कार्य कर लिया गया है। अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा वर्तमान तक 76 राजस्व ग्रामों में निर्माण कार्य पूर्ण कर उनको 'हर घर जल' घोषित कर सर्टिफाइड करा लिया गया है। फर्म के परियोजना प्रबन्धक को एक माह में अन्य 14 ग्रामों का 'हर घर जल' प्रमाणिकरण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी महोदय, द्वारा उक्त के सम्बन्ध में सभी फर्मों को पुनः निर्देशित किया गया है कि दिनांक 15.08.2026 तक दिये गये लक्ष्यों को पर्याप्त मैन पॉवर लगाते हुये पूरी गंभीरता से पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही जल जीवन मिशन के कार्यों में हर माह घटकवार 10 प्रतिशत से अधिक तीव्रता लाने को आदेशित किया गया। इसके अतिरिक्त सभी फर्मों को उन स्थानों पर जहां ट्यूबवैल बोरिंग इत्यादि शेष है अथवा खारा पानी पाये जाने के कारण नवीन भूमि का चिन्हांकन किया जाना है उन सभी योजनाओं पर ई०आर०टी० टेस्ट के माध्यम से भूमि के चिन्हांकन हेतु निर्देशित किया गया।

साथ ही जिन स्थानों पर वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण कर लिया गया है उन सभी स्थानों को तत्पश्चात मोटरेबल किया जा चुका है एवं यथाशीघ्र पाइप लाईन टेस्टिंग कराते हुये काटी गयी ट्रैंच के पुर्नस्थापन का कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त फर्मों को उन योजनाओं को चिन्हित

करने हेतु निर्देशित किया गया जिन पर 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण है तथा आगामी समय में ओ०एण्ड०एम में ले जाना प्रस्तावित हैं। अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि अवशेष सभी स्कूल, आगनवाडी एवं आरोग्य केन्द्रों में सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर को लगाकर जल संयोजन प्रदान किया जाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय के द्वारा यह भी आदेशित किया गया कि कुल 135 योजनाऐं जो ओ0 एण्ड एम0 में जा चुकी है, जिनमें 186 राजस्व ग्राम सम्मिलित है, में निम्नलिखित बिन्दुओं पर गठित समिति द्वारा जांच कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये।

1. टीपी0आई0 के द्वारा सड़क मरम्मत कार्यो को Geotagged फोटोग्राफ सहित सत्यापित किया जाये।
2. दिये गये मानक जल दबाव से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाये।
3. वितरण प्रणाली में रिसाव की जांच एवं मरम्मत कराना सुनिश्चित करें।
4. क्लोरीनयुक्त जलापूर्ति की जांच की जाये।
5. शिरोपरि जलाशय की निश्चित समयान्तराल बाद साफ–सफाई एवं तदानुसार तिथि अंकित किया जाना सुनिश्चित करें।
6. प्रस्तावित एवं प्रदान किये गये गृह जल संयोजन की क्रियाशीलता की जांच की जाये।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा गठित जांच समिति की रिपोर्ट 02 सप्ताह में कराने के साथ यह भी निर्देशित किया गया कि आगामी बैठम में उ0प्र0 विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, अलीगढ़ के प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य है तथा इसी क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि विभाग के समस्त जूनियर इंजीनियर विभाग की भूमि/विवाद सम्बन्धी समस्याओं का निस्तारण तहसील स्तर पर वार्ता कर कराना सुनिश्चित करेगें।

जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद अलीगढ़ में भूमिगत जल स्त्रोत आधारित दिसम्बर 2024 तक "हर घर जल" घोषित 188 नग ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के DO No. W-11042/101/2025-JJM-IV-DDWS-Part(2) Dated 20th March 2026 के क्रम में अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के पत्रांक 07/JJM Letter/2025-26/Tech-20 दिनांक 02 अप्रैल 2026 के अनुपालन में सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा प्रस्तुत District Improvement Plan (D.I.P) पर जिला तकनीकी समिति द्वारा समीक्षा की गयी एवं निर्देश दिये गये कि प्लान के अनुसार अवशेष मरम्मत/आवश्यक कार्य समयान्तर्गत पूर्ण किये जायें।

प्रदेश के ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के जल स्त्रोतों के दीर्घकालिक स्थायित्व हेतु के Source Sustenance Committee बनाये जाने के सम्बन्ध में जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार (NJJM) द्वारा जे0जे0एम0 2.0 योजना के स्त्रोतों की दीर्घकालिक स्थायित्व हेतु जारी दिशा निर्देश के क्रम में अधिशासी निदेशक, राज्य पेजयल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्र संख्या–986/JJM (source sustenance committee)/2026-27/Tech-05 दिनांक 11.06.2026 (प्रति संलग्न) एवं अपर मुख्य सचिव महोदय, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या– 26/2026/1345/छिहत्तर–1–2026(2060646) दिनांक 24.06.2026 के द्वारा जिला स्तर पर गठित Source Sustenance Committee (SSC) द्वारा पेयजल योजनाओं के भूमिगत जल स्त्रोतों के दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने हेतु Source Sustainability Plan (SSP) पर भी विचार–मंथन किया गया तथा निर्देश दिये कि समय–समय पर इसकी समीक्षा करायी जाए।

इसके पश्चात जिला तकनीकी इकाई बैठक में अधिशासी अभियन्ता द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया है कि जनपद अलीगढ़ में दिसम्बर 2024 तक 'हर घर जल' रिपोर्टेड 189 ग्राम पंचायतों में से 188 ग्राम पंचायतों का जल सेवा आंकलन प्रपत्र पोर्टल पर ग्राम पंचायत सचिव के माध्यम से अपलोड कराया जा चुका है एवं यह भी अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 135 नग पेयजल योजनाऐं संचालन एवं रख–रखाव में सम्मिलित की जा चुकी है। जिनसे सुचारू पेयजलापूर्ति हेतु तकनीकी इकाई द्वारा विचार–विमर्श एवं परामर्श दिया जाता है।

सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में 43 नग पेयजल योजना का संचालन एवं रख–रखाव ग्राम पंचायत द्वारा किया जा रहा था माह जून 2025 से उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा योजना के 10 वर्षो के संचालन एवं रख–रखाव हेतु फर्म चयनित की जा चुकी है। योजना के सुचारू संचालन हेतु सुदृढ़ीकरण का प्राक्कलन मुख्यालय लखनऊ प्रेषित किया जा चुका है एवं प्राप्त अनुमोदन के अनुसार पेयजल योजना के सबमर्सेबिल, स्टॅार्टर व लीकेज आदि मरम्मत कराते हुये वर्तमान तक 33 नग पेयजल योजनाऐं आंशिक रूप से संचालित की जा चुकी है। अवशेष 10 नग पेयजल योजनाऐं यथाशीघ्र मरम्मत कराते हुए अगस्त 2026 तक संचालन किया जाना प्रस्तावित है।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग द्वारा जनपद में कार्यालय निर्माण हेतु प्राक्कलन मुख्यालय प्रेषित किया जा चुका है एवं वांछित भूमि शहर

के समीप ग्राम पंचायत बोनेर विकास खण्ड–धनीपुर में लेखपाल द्वारा ग्राम पंचायत के अनुमोदन उपरान्त प्रस्ताव उपलब्ध कराया जा चुका है, अग्रेतर कार्यवाही उपजिलाधिकारी कोल द्वारा की जानी है।

सचिव/अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद अलीगढ़ में विभिन्न पेयजल योजनाओं अन्तर्गत फर्मो द्वारा किये गये कार्य के सापेक्ष लगभग रू0 110 करोड़ का भुगतान लम्बित है। जिसका भुगतान होने पर कार्य की प्रगति में और तेजी लायी जा सकती है।

अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि संचालन एवं रख–रखाव में सम्मिलित किये जाने हेतु लक्षित 288 पेयजल योजनाओं के सापेक्ष यथा फर्म मै0 पी0एन0सी की लक्षित 126 नग पेयजल योजना में से 54 नग, फर्म मै0 के0पी0टी0एल0 की लक्षित 109 नग पेयजल योजना में से 62 नग एवं मै0 ऑयन एक्सचेंज की लक्षित 53 नग पेयजल योजनाओं में से 19 नग इस प्रकार कुल 135 नग पेयजल योजनाऐं संचालन एवं रख–रखाव में सम्मिलित की जा चुकी हैं एवं कुल अवशेष 153 नग पेयजल योजनाओं के कार्य पूर्ण कर संचालन एवं रख–रखाव में सम्मिलित करने हेतु प्रत्येक योजनावार प्रगति का विवरण एवं साप्ताहिक लक्ष्य निस्तारित कर कार्य योजना संशोधित कर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

Digitally signed by
LOKESH SHARMA
Date: 18-07-2026
15:10:22
(लोकेश शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

Digitally signed by
AVINASH KUMAR
Date: 18-07-2026
18:49:55
(अविनाश कुमार)
जिलाधिकारी अलीगढ़

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़।

पत्रांक– 2465/निरी0/अनु0सा0/88 दिनांक– 20-7-2026

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, अलीगढ़।
3. मुख्य विकास अधिकारी, अलीगढ़।
4. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अलीगढ़।
5. जिला विकास अधिकारी, अलीगढ़।
6. मुख्य अभियन्ता (आ0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
7. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़।
8. जिला पंचायतराज अधिकारी, अलीगढ़।
9. जिला कृषि अधिकारी, अलीगढ़।
10. अपर जिला पंचायतराज अधिकारी, अलीगढ़।
11. उपजिलाधिकारी, तहसील कोल/खैर, जनपद अलीगढ़।
12. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद–अलीगढ़।
13. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, अलीगढ़।
14. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, अलीगढ़।
15. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
16. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), अलीगढ़।
17. अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग, अलीगढ़।
18. अधिशासी अभियन्ता, भूगर्भ जल विभाग, अलीगढ़।
19. खण्डान्तर्गत समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।
20. जिला समन्वयक, जिला परियोजना एवं अनुश्रवण इकाई, अलीगढ़।
21. उप परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0 (निर्माण), मै0 आरवी एसोसियेट, अलीगढ़।
22. टीम लीडर, टी0पी0आई0 (ओ0 एण्ड एम0), मै0 आरवी एसोसियेट, अलीगढ़।
23. केमिस्ट, जनपदीय जल परीक्षण प्रयोगशाला, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़।
24. परियोजना निदेशक, मैसर्स– आयन एक्सचेन्ज इण्डिया लि0, अलीगढ़।
25. परियोजना प्रबन्धक, मै0 पी0एन0सी0, अलीगढ़।
26. परियोजना प्रबन्धक, मै0 कल्पतरू जे0एम0सी0, अलीगढ़।
27. समस्त आई.एस.ए., एजेन्सी, अलीगढ़।

अधिशासी अभियन्ता